Press Media Communication Report

-From Public Relations Cell BSNL CO New Delhi

Publication:	पायनियर	**Page No:**	13
Place:	नई दिल्ली	**Date:**	27/6

ईद पर बीएसएनएल का आकर्षक स्पेशल कॉम्बो टैरिफ वाउचर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्तर पर मोबाइल सेवा प्रदाता के रूप में सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी बीएसएनएल ने अपने प्रीपेड ग्राहकों के लिए त्योहारी परंपरा अनुसार ईद मुबारक पर बीएसएनएल का आकर्षक स्पेशल कॉम्बो टैरिफ वाउचर एसटीवी-786 व एसटीवी .599 पेश किया है ।

आरके मित्तल, निदेशक कंज्यूमर मोबिलिटी, बीएसएनएल बोर्ड ने कहा कि उक्त आफर दूरसंचार बाजार के वर्तमान परिदृश्य में सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी हैं। अपने महत्वपूर्ण और निष्ठावान ग्राहकों को त्योहार की शुभकामनाओं के साथ यह पूरे भारत वर्ष में एक साथ उपलब्ध हैं । कॉम्बो टैरिफ वाउचर एसटीवी-786 द्वारा 786 रुपए की वाइस काल व 3 जीबी डाटा 90 दिन की वैधता के साथ प्राप्त होगा । वहीं कॉम्बो स्पेशल टैरिफ वाउचर एसटीवी 599 से 786 रुपए 507 मेन अकाउंट में 279 डेडिकेटेड अकाउंट में 30 दिन की वैधता के साथ व 10 लोकल ऑन नेट एसएमएस मिलेगा इसकी वैधता 30 दिन की होगी । यह ऑफर लागू होने की तारीख से 30-06-2017 तक मान्य है। उल्लेखनीय है कि एसटीवी का डिनोमिनेशन (मूल्य) परिमंडल स्तर पर थोड़ा सा भिन्न हो सकता है। ये वाउचर क्रमश: 90 दिन व 30 दिन तक राष्ट्रीय स्तर पर बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगा । ईद मुबारक पर बीएसएनएल का आकर्षक स्पेशल कॉम्बो टैरिफ वाउचर के अतिरिक्त क्रमश: रुपए 60/- 110/- 210/- व 290 के फुल टॉक टाइम व अतिरिक्त टॉक टाइम के टॉपअप भी प्रीपेड मोबाइल के ग्राहकों हेतु पेश किया गया है।